








# एसडीएम के निरीक्षण में छात्रावास के अनियमितता की खुली पोल

## पेयजल और बिजली सुविधा का अभाव, परिसर में मिली भारी गंदगी, अधीक्षक को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू

नवभारत न्यूज

**सीधी/कुसमी 30 जनवरी। आदिवासी बाहुल्य कुसमी के सुदूर अंचल भुईमाड़ में संचालित आदिवासी बालक सीनियर छात्रावास के अनियमितताओं की पोल आज एसडीएम के औचक निरीक्षण में खुल गई। निरीक्षण में छात्रावास में पेयजल और बिजली सुविधा भारी कमी मिली। वहीं परिसर में गंदगी का नजारा दिखा। इसको गंभीरता से लेते हुये अधीक्षक को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।**






जिले के आदिवासी अंचल कुसमी अंतर्गत आदिवासी बालक सीनियर छात्रावास भुईमांड में शुक्रवार शाम प्रशासनिक निरीक्षण के दौरान गंभीर लापरवाही उजागर हुई है। निरीक्षण में छात्रावास की बदहाल स्थिति सामने आने के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए हॉस्टल अधीक्षक को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शुक्रवार को शाम करीब 4:30 बजे किए गए इस निरीक्षण में छात्रावास परिसर में भारी गंदगी, पेयजल की कोई समुचित व्यवस्था नहीं, कमरों में बल्व तक नहीं लगे होने तथा बुनियादी सुविधाओं के अभाव जैसी कई गंभीर कमियां पाई गईं। निरीक्षण दल ने पाया कि जिन बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए छात्रावास संचालित किया जा रहा है उन्हें न्यूनतम सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम कुसमी विकाश कुमार आनंद ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एसी ट्राइबल जोधा सिंह उइके को निर्देशित किया है कि वे कल सीईओ ट्राइबल बृजेन्द्र बुनकर के समक्ष ऑफिस टूर डायरी एवं साक्ष्यों के साथ उपस्थित हों। सीईओ ट्राइबल से यह स्पष्ट करने को कहा जाएगा कि पिछले तीन महीनों में किन-किन छात्रावासों का निरीक्षण किया गया और भुईमाड़ छात्रावास की स्थिति पर समय रहते संज्ञान क्यों नहीं लिया गया। इस पूरे प्रकरण में हॉस्टल अधीक्षक सूर्य प्रताप सिंह को जिम्मेदार मानते हुए उन्हें आज ही नोटिस जारी किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से यह संकेत दिए गए हैं कि संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में आगे कठोर विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेमरा का निरीक्षण

कुसमी एसडीएम विकाश कुमार आनंद द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर/एसडब्ल्यूसी सेमरा का निरीक्षण किया गया। अनमोल पोर्टल एंट्री के निरीक्षण में 26 गर्भवती महिलाओं में से 14 एनीमिक मिली। जिनकी एएनसी के पश्चात फालोअप लिया जा रहा है, संस्थागत प्रसव हेतु निर्देशित किया गया। वहीं सीएचओ के पास पीव्हीटीजी, बीओसीडब्ल्यू, 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड डाटा नहीं मिला। वहीं बीपी मानीटर की बैट्री ही नहीं थी। कमियों को दुरूस्त करने बीएमओ को निर्देशित किया गया।

### इनका कहना है

ब्वायज ट्रायबल हास्टल भुइमाड़ का निरीक्षण किया गया। बेहद ही गंदगी पाई गई। पेयजल की व्यवस्था नहीं थी और कमरों में बल्व तक नहीं लगे थे। तमाम कमियां पाई गई। अधीक्षक का नोटिस जारी किया जा रहा है। एसी ट्रायबल को कल सीओ ट्रायबल को एसडीएम कुसमी आफिस में टूर डायरी और साक्ष्य के साथ उपस्थित होने निर्देश दिये गये हैं।

**विकाश कुमार आनंद, एसडीएम कुसमी**




# जी राम जी अभियान विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का सशक्त माध्यम : डॉ.राजेश

## मानस भवन में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 30 जनवरी। विकसित भारत-जी राम जी अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मानस भवन सीधी में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, जनपद पंचायत सीधी अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार तथा जनपद पंचायत रामपुर नैकिन अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला साकेत की विशेष उपस्थिति रही।**

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी अभियान समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि इस कानून का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुनिश्चित रोजगार के अवसरों को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करना, टिकाऊ विकास कार्यों को प्रोत्साहन देना, कौशल विकास एवं स्वरोजगार के नए आयाम स्थापित करना है। यह पहल गांवों को सशक्त बनाते हुए ग्रामीण भाई-बहनों को आत्मनिर्भर बनाने का ठोस प्रयास है तथा स्थायी रोजगार एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव रखेगी। विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि जी राम जी अधिनियम 2025 ग्रामीण विकास का नया संकल्प है जो स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर केन्द्रित है। उन्होंने कहा कि यह योजना युवा, महिला एवं गरीब वर्ग के सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित होगी। डिजिटल प्रणाली, बायोमेट्रिक उपस्थिति एवं साप्ताहिक अपडेट से पारदर्शी एवं समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित होगा, जिससे श्रमिकों को समय पर मजदूरी प्राप्त होगी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह ने कहा कि यह योजना केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि गांवों के समग्र विकास की मजबूत आधारशिला है। जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि जी राम जी अभियान से पंचायतों में कार्य समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पूर्ण होंगे तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, इंद्रशरण सिंह चौहान एवं के.के.तिवारी ने इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी।

# शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर दी गई श्रद्धांजलि, लिया नशामुक्ति संकल्प

नवभारत न्यूज

**सीधी 30 जनवरी। अमर शहीदों की स्मृति पर कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में गरिमामय श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रातः ठीक 11 बजे सायरन बजते ही जिलेभर में दो मिनट का मौन रखकर महात्मा गांधी एवं अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।**

कलेक्ट्रेट कार्यालय में अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने कार्य रोककर दो मिनट तक मौन धारण किया तथा राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों का स्मरण किया। इसके साथ ही संपूर्ण जिले में नागरिकों ने भी जहां-जहां वे उपस्थित थे, वहीं रुककर मौन धारण कर शहीदों को नमन किया। इसके पश्चात मद्य निषेध संकल्प दिवस के अंतर्गत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती मिनी अग्रवाल सहित कलेक्ट्रेट एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में शांति, सत्य, अहिंसा तथा नशामुक्ति के संदेश को सुदृढ़ करने का आह्वान किया गया।

# कुष्ठ रोग कोई देवी प्रकोप या अभिशाप नहीं, यह एक साधारण बीमारी : डॉ.बबिता

नवभारत न्यूज

**सीधी 30 दिसम्बर। जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ आज 30 जनवरी को जिला कुष्ठ कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बबीता खरे की गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर अभियान का विधिवत प्रारंभ किया गया।**



डॉ.बबीता खरे ने बताया कि कुष्ठ रोग कोई देवी प्रकोप या अभिशाप नहीं है। यह एक साधारण बीमारी है जो समय पर उपचार लेने से पूरी तरह ठीक हो जाती है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में 30 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक कुष्ठ जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही 11 फरवरी से 5 मार्च 2026 तक एलसीडीसी अभियान संचालित किया जाएगा। कुष्ठ रोग के प्रमुख लक्षण शरीर पर सुन्न, लाल-पीले तांबे जैसे या उभरे हुए दाग, चेहरे पर लालिमा या असामान्य चिकनाई, शरीर के किसी हिस्से में सुन्नपन, नसों में सूजन, झुनझुनी, हाथ-पैर की नसों में दर्द या मोटापन होना है। गंभीर लक्षणों जैसे हाथ या पैर की उंगलियों का मुड़ जाना, आंखों का पूरी तरह बंद न होना, पैरों में घाव, जलन या संवेदना का न होना, पसीना कम आना, शरीर में लगातार सुन्नपन, दर्द के साथ बुखार या सूजन को नज़रअंदाज़ न करें। जानकारी दी गई कि उपचार के लिए एमडीटी खाएं, सरकारी अस्पतालों में कुष्ठ की जांच एवं दवा पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध है। पीबी प्रकार के मरीजों का उपचार 6 माह एवं एमबी प्रकार के मरीजों का उपचार 12 माह तक नियमित एवं समय पर एमडीटी लेने से कुष्ठ रोग पूरी तरह ठीक हो सकता है।

# उल्लेखनीय योगदान पर पद्मधर झा शर्मा हुए सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सीधी 30 जून। अखिल विश्व सत्य सनातन संघ की संभागीय इकाई रीवा द्वारा विंध्य के गौरव राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिलब्ध संगीतकार एवं सीधी जिले के रिटायर्ड शासकीय आर्टिस्ट रहे आकाशवाणी रीवा के बी. हाई कलाकार पंडित पद्मधर झा शर्मा को उनके द्वारा संगीत के क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।**



अखिल विश्व सत्य सनातन संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ.गोविन्द नारायण चित्रगुप्त जी महाराज के द्वारा शाल एवं श्रीफल से यह सम्मान किया। इस अवसर पर अखिल विश्व सत्य सनातन संघ के संभागीय संयोजक पंडित सतीश मिश्रा, कार्यकारी संभागीय अध्यक्ष पंडित राकेश अग्निहोत्री, संभागीय महामंत्री रघुवर शरण चतुर्वेदी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष इंद्रजीत चौबे, जिला महामंत्री मृत्यंजय तिवारी, संभागीय प्रवक्ता अमर दहिया, आकाशवाणी रीवा की पूर्व बघेली लोकगायिका डॉ.अर्चना श्रीवास्तव, तबला वादक डॉ.प्रदीप शर्मा, इंजी.ईशान श्रीवास्तव सहित स्थानीय गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि, आयोजित हुई विचार गोष्ठी

नवभारत न्यूज

**सीधी 30 जनवरी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित दो मिनट का मौन रखकर बापू को नमन किया।**




श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि सत्य, अहिंसा और सद्भाव के मार्ग पर चलने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को कोटि-कोटि नमन। उनके विचार और आदर्श आज भी हमें राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता और मानवता के मार्ग पर निरंतर प्रेरित करते हैं। आज के समय में बापू के विचारों को आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक है। इसके उपरांत सीधी विधानसभा क्षेत्र के बूथ क्रमांक 156 ग्राम करौंदी में बूथ कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर गांधी संगोष्ठी, मनरेगा बचाओ संवाद एवं सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सहित अनेक कांग्रेसजन सम्मिलित हुए। आयोजित विचार गोष्ठी में महात्मा गांधी के विचारों, सत्य एवं अहिंसा के मार्ग, ग्रामीण रोजगार, मनरेगा की वर्तमान स्थिति तथा जनहित से जुड़े विषयों पर सार्थक एवं रचनात्मक संवाद हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों और सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व महामंत्री सुरेश प्रताप सिंह, संभागीय प्रवक्ता प्रदीप सिंह दीपू, महामंत्री नवीन सिंह, ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, प्रदेश महिला महामंत्री कुमुदिनी सिंह, एड.मनोज सिंह, शीला रानी साकेत, अखण्ड प्रताप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष विवेक सिंह दीपू, सरदार अजीत सिंह, कोषाध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष करुण सिंह, महामंत्री अशोक कोरी, राजबहोर जायसवाल, कृतिमा सिंह, माधुरी सिंह, रनशेर अली, रमेश साकेत, सानेंद्र सिंह, भक्तराम नामदेव, पुष्पा सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### एक नजर में

## महारानी लक्ष्मीबाई हाईस्कूल का परेड में प्रथम स्थान



**सीधी।** 77 वें गणतंत्र दिवस पर महारानी लक्ष्मीबाई हाईस्कूल सीधी के छात्रों द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वोत्तम परेड जूनियर का जिले में पहला स्थान प्राप्त हुआ जिसमें छात्रों की कड़ी मेहनत का सराहनीय परिणाम रहा है। विद्यालय की संचालिका श्रीमती मंजू राम शुक्ला द्वारा बधाई दी गई। जिसमें कमलेश्वर पटेल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिसमें बधाई देने वालों में विद्यालय के प्राचार्य कमलेश देव पाण्डेय, अशोक सिंह चौहान, श्रीमती प्रतिमा शर्मा, सुश्री शिवानी तिवारी, मुकेश कुमार साकेत, अमिता द्विवेदी, पूजा मिश्रा, विनय शुक्ला, श्रीमती अमृता द्विवेदी, अनामिका सिंह चंदेल, श्रीमती अल्का तिवारी, शालिनी सिंह चौहान, सुहानी सिंह चंदेल आदि शामिल हैं।

## लुरघुटी की यशोदाबाई भोपाल में हुई सम्मानित



**कुसमी।** कुशाभाऊ ठाकरे हाल जांहगीराबाद भोपाल में 30 जनवरी को नाबार्ड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ऋण संगोष्ठी कार्यक्रम में लुरघुटी वाटरशेड परियोजना में बेहतर कार्य करने के लिए संस्था ग्राम सुधार समिति की कार्यकर्ता श्रीमती यशोदाबाई सिंह को विश्वास सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री म.प्र. शासन कैलाश सारंग, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री म.प्र. शासन एदल सिंह कंसाना व सी. सरस्वती मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड की उपस्थिति में सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यशोदाबाई सिंह को यह सम्मान उनके द्वारा महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने तथा समुदाय में वाटरशेड परियोजना के प्रति जनजागरूकता लाने के लिए किया गया। इस सम्मान के लिए गोपालदास गोपेश डीडीएम नाबार्ड, श्रीमती वंदना त्यागी अध्यक्ष ग्राम सुधार समिति, ब्रिजेन्द्र मिश्रा सचिव ग्राम सुधार समिति, सार्थक त्यागी सीईओ ग्राम सुधार समिति, अंगिरा प्रसाद, केदार रजक, धनंजय प्रताप सिंह, राजबहादुर सिंह, लालजी सिंह, विष्णुप्रताप सिंह, संतोष सिंह, रामबहादुर सिंह ने बधाई दी हैं।

# विंध्य एकेडमी स्कूल चुरहट में मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

नवभारत न्यूज

**चुरहट 30 जनवरी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विंध्य एकेडमी स्कूल चुरहट में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि वाय.एस.मिश्रा के द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। उसके बाद स्कूल के बच्चों के द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई।**



कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती निभा तिवारी द्वारा किया गया। स्कूल परिसर के साथ ही स्कूल द्वारा मोहिनी देवी स्टेडियम मे भी अपनी सहभागिता प्रस्तुत की गई। जहां विंध्य एकेडमी के बच्चों ने सामूहिक परेड में द्वितीय स्थान एवं सामूहिक नृत्य और सामूहिक गान में तृतीय स्थान अर्जित किया। बच्चों की इस उपलब्धि पर स्कूल के डायरेक्टर बालेंद्र मिश्रा एवं प्राचार्य के.एस.द्विवेदी ने प्रसन्नता जाहिर कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे स्कूल के स्टाफ बालेंद्र मिश्रा, सत्यम सोनी, मुकेश द्विवेदी, पुष्पेंद्र द्विवेदी, एस.आर.मिश्रा, विपुल पाण्डेय, संगम पाण्डेय, आशीष गुप्ता, शैलेन्द्र पटेल, सुनील पटेल, अंबिकेश सिंह, राज पटेल, आर.के.मिश्रा, अनुपम शुक्ला, प्रिया सिंह, राधा सिंह, प्रभा कुशवाहा, आरती सिंह, संगीता सिंह, आरती द्विवेदी, पुष्पा पटेल, स्वेच्छा गुप्ता, सीमा सिंह, रेखा निगम, पंकज सिंह, कीर्ति केवट, खुशबू अग्निहोत्री, मोहिनी पाण्डेय आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# उधारी में पैसे के लेनदेन को लेकर रात में युवक के साथ मारपीट

नवभारत न्यूज

**सीधी 30 जनवरी। उधारी में पैसे के लेनदेन को लेकर एक युवक के साथ रात में काफी बेरहमी के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।**

पीड़ित सत्यप्रकाश दीक्षित निवासी अर्जुन नगर सीधी द्वारा घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाना में की गई है। रिपोर्ट में सत्यप्रकाश दीक्षित ने कहा है कि 27 जनवरी 2026 की रात्रि करीब 9 बजे समय प्रेस के समीप निशांत मिश्रा कम्पू मिले। उनसे जब पूर्व में उधारी दिए गए 25 हजार रुपए की राशि मांगी गई तो उनके द्वारा अपने साथ मौजूद दो अन्य साथियों के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी गई। साथ ही धमकी दी गई कि यदि आगे पैसे की मांग की गई तो जान से मार दूंगा। पीड़ित द्वारा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए उधारी पैसा वापस कराने की मांग की गई है।

# विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन फिल्मी प्रस्तुतियों ने बांधा समां

## लघु फिल्म शैडो रही आकर्षण का केन्द्र, तीसरे दिन भी होंगी देश-विदेश की फिल्मों की प्रस्तुतियां

नवभारत न्यूज

**सीधी 30 दिसम्बर। विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे से फिल्मी कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। फेस्टिवल के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों की शॉर्ट फिल्मों और सिनेमा प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। सिनेप्रेमियों, कलाकारों और फिल्म निर्माताओं की मौजूदगी ने आयोजन को और भी यादगार बना दिया।**



फिल्म फेस्टिवल के संरक्षक इंजी.आर.बी.सिंह ने कहा कि सीधी जैसे शहर में इस तरह के बड़े अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का आयोजन स्थानीय कलाकारों के मनोबल को बढ़ाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस मंच से यहां के कलाकारों को न केवल पहचान मिल रही है बल्कि वे बाहर जाकर भी अपनी कला और प्रस्तुति का प्रदर्शन कर पा रहे हैं जो जिले के लिए गर्व की बात है। दूसरे दिन प्रदर्शित की गई फिल्मों में देश के विभिन्न हिस्सों से आए फिल्मकारों की रचनात्मकताए विषयों की विविधता और सशक्त निर्देशन साफ नजर आया। फिल्मों की कहानी, अभिनय और तकनीकी पक्ष को दर्शकों से भरपूर सराहना मिली। दूसरे दिन प्रदर्शित फिल्मों में निर्देशक संजय चंद्रशेखरन की लघु फिल्म शैडो दर्शकों के बीच विशेष चर्चा का विषय बनी। प्रसिद्ध लेखिका धृति की आंतरिक यात्रा और रचनात्मक संघर्ष पर आधारित यह फिल्म लेखन कला और भरतनाट्यम की भावपूर्ण भाषा के बीच एक सशक्त रूपकात्मक संवाद प्रस्तुत करती है। इस संघर्ष के दौरान भरतनाट्यम उसके लिए केवल एक नृत्य शैली नहीं बल्कि आत्मबोध और मुक्ति का माध्यम बनकर सामने आता है। फिल्म की गहरी भावनात्मक कथा, सशक्त प्रतीकों और कलात्मक प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया। स्क्रीनिंग के दौरान तालियों की गूंज और सकारात्मक प्रतिक्रियाओं से पूरा सभागार उत्साह से भर उठा।

31 जनवरी को विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के तीसरे दिन भी दर्शकों के लिए देश-विदेश की चयनित फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार तीसरे दिन की फिल्में सामाजिक सरोकारों, मानवीय संवेदनाओं और सांस्कृतिक विविधता को दर्शाएंगी। आयोजकों के अनुसार आने वाले दिनों में भी देश-विदेश की कई उत्कृष्ट फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। तीसरे दिन 31 जनवरी की फिल्मी प्रस्तुतियां। तीसरे दिन प्रदर्शित की जाने वाली फिल्मों में स्वयं-भारत मप्र- आर.पी. सोनी, माइतीघर-नेपाल-मार्क गुरंग, प्रभात फेरी-भारत-महेन्द्र श्रीवास, ब्यूला-भारत-बी.सुरेश कुमार, गौधर्मा-भारत मप्र-उत्सव ठाकुर, सरस के देश में-भारत-आस्था एवं दीप्ति ओमलो दू, डेजर्ट सोल-भारत-सोनू रणदीप चौधरी। विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल लगातार सीधी को सांस्कृतिक और फिल्मी मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### दूसरे दिन प्रदर्शित की गई फिल्में

दूसरे दिन प्रदर्शित की गई फिल्मों में इलिजिटिमेट-भारत-सतीश वसंत रास्ते, टीटी एस-भारत-चार्ल्स लियो पनादन, नॉट-भारत-अभय परवीन गुप्ता, आफ्टरवड्‌र्स-भारत मप्र -तनमय जोशी, नजरियां-भारत-चित्रांश श्रीवास्तव, केलू दा ढाबा-भारत मप्र-रोहित पाटीदार, एडे विद चेतुआ-भारत-संजय तिवारी, चौखट (द फ्रेम)-भारत-राजेश धवले, शैडो-भारत-संजय चंद्रशेखरन, वार्निंग-भारत-अनुपमा सिरसलेवाला, कुर्ता-भारत-धर्मेन्द्र एस.सिसोदिया शामिल हैं।